तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

13 आंधी व ओला वृष्टि से धान, मक्का के साथ वनोपज को...

14 सुखरीडबरी पहुंचे विधायक, ग्रामीणों की सुनी समस्या





## खबर संक्षेप

### मादा भालू व दो नन्हे शावक कैमरे में कैद



**गरियाबंद।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए अच्छी खबर आई है। यहां जंगल में लगाए गए ट्रैप कैमरे में एक मादा भालू अपने दो नन्हे शावकों के साथ नजर आई, जो उसकी पीठ पर सवार थे। यह दुर्लभ दृश्य न सिर्फ मन मोह लेने वाला है, बल्कि यह संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रतीक भी माना जा रहा है। टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की सतत निगरानी और संरक्षण कार्यों का असर अब साफ दिखने लगा है। क्षेत्र में भालुओं की गतिविधियां बढ़ी हैं और उनकी संख्या में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि उदंती के जंगलों में भालुओं के लिए शहद, मधुमक्खी के छत्ते, दीमक, टेंदू फल और बाँबी जैसी चीजें भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। यही वजह है कि भालू अब जंगल में ही रहना पसंद कर रहे हैं और आबादी वाले इलाकों की ओर कम आ रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार संवेदनशील इलाकों की निगरानी कर रही है ताकि भालू सहित अन्य वन्य प्राणियों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिल सके। ट्रैप कैमरे में कैद हुआ यह दुर्लभ नजारा उसी प्रयास की एक मजबूत मिसाल है।

### आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 मई तक बढ़ी

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित थी। जिसे बढ़ाई गई है। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब/कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### लापरवाही : विधायक के निर्देश पर स्टाफ ने व्यवस्था कर महिला का कराया सुरक्षित प्रसव

# प्राथमिक उपचार तक सीमित, राजिम अस्पताल में हर गंभीर मरीज को मिल रही रेफर की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के शासकीय अस्पताल की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह अस्पताल अब केवल एक रिफर सेंटर बनकर रह गया है। चाहे कोई सड़क दुर्घटना का मामला हो या गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी का केस हर गंभीर मरीज को प्राथमिक उपचार देने के बाद बड़े अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही आधुनिक चिकित्सा उपकरण। कई बार मरीजों की स्थिति इतनी गंभीर होती है कि उन्हें तुरंत इलाज की जरूरत होती है, लेकिन डॉक्टरों के पास उन्हें रेफर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। बीते दिवस एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने कहा कि केस जटिल है और तत्काल रायपुर ले लाएं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। राजिम ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### उपचार के बाद कर देते हैं रिफर

डयुटी में तैनात रहने वाले लोग उन्हें पहले तो डरा देते है कि केस सीरियस है, रायपुर ले जाना पड़ेगा। ज्यादा हो गया तो किसी निजी अस्पताल का नाम उन्हें बता दी जाती है। एक तरह से यह बला टालने जैसे होती है। कही सड़क दुर्घटना हो गई या कोई बड़ा मामला हो गया तो समझो उनका सिर्फ प्राथमिक उपचार कर तुरंत रिफर कर दिया जाता है। अभी दो दिन पहले का मामला उदाहरण के तौर पर सामने आया है। राजिम से 8 किमी दूर गोमती साहू को रात 11 बजे प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल लाया गया। इन्हें देखते ही डराया गया कि यहां पर संभव नहीं है रायपुर ले जाना पड़ेगा और रिफर करने की तैयारी की जाने लगी।



#### गर्भवती महिला को रायपुर ले जाने कहा

डेड़ घंटे तक प्रसव से पीड़ित महिला के साथ परिवार के लोग मौजूद थे इसकी जानकारी विधायक रोहित साहू को हुई। गनीमत था कि विधायक श्री साहू उस वक्त अपने राजिम निवास में ही थे। वे बिना देर किए तुरंत अस्पताल पहुंचे। प्रसव महिला के परिजनों से मिले और उन्हें पूछा कि स्टाफ क्या कह रहे है उन्हें बताया गया कि रायपुर ले जाने की सलाह दे रहे है। विधायक श्री साहू ने कहा कि यहां अभी तुरंत भर्ती करो और सारी व्यवस्था कर यही डिलीवरी कराओ। विधायक के निर्देश पर स्टाफ के लोग तुरंत व्यवस्था किए और कुछ ही देर में डिलीवरी हो गई। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बता दें कि डिलीवरी के होते तक विधायक रोहित साहू अस्पताल में मौजूद रहे। महिला के परिवार के लोगों ने विधायक श्री साहू का आभार जताया।

### फांसी पर लटकी मिली नवविवाहिता का शव

#### पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**नवापारा-राजिम।** ग्राम चिपरीडीह में एक नव विवाहिता के फांसी में लटके होने की खबर पर उनके मायके सुंदरकेरा से पिता ओंकार साहू, चाचा नारायण साहू, पीलू साहू, चंपा साहू, सुशीला साहू पहुंचे। इन्होने इस पर संदेह करते हुए नवापारा पुलिस थाना पहुंचकर जांच की मांग करते हुए कहा कि यह फांसी नहीं बल्कि हत्या कर लटका दिया गया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम कराया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद जांच की दिशा आगे बढ़ेगी। इस घटना को लेकर नवविवाहिता के पिता ओंकार साहू ने बताया कि उनकी बेटी परेमा साहू का विवाह ग्राम चिपरीडीह निवासी रूपेश साहू के साथ 20 अप्रैल 2024 को हुआ था। दहेज में कम सामान मिलने की बात कहते हुए हमेशा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लड़की के पिता द्वारा लगाया गया है। प्रताड़ना से तंग आकर परमा साहू कभी-कभी अपने मायके चली जाती थी। उसको लेने के लिए फिर से उनके पति रूपेश साहू पहुंच जाते थे। लड़की के ▶▶|शेष पेज 13 पर

## सोलर पंप अनुदान की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कलेक्टर ने सौर सुजला योजना जिला स्तरीय क्रिन्यावयन समिति की ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में सौर सुजला योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के क्रिन्यावयन एवं मॉनिटरिंग हेतु गत शुक्रवार को समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सह अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, सदस्य उपसंचालक कृषि श्री चन्दन राय, सदस्य सहायक अभियंता गणेश प्रसाद बारले, टीआर ध्रुव सदस्य सचिव सहायक अभियंता क्रेडा गरियाबंद मुख्य रूप से उपस्थिति हुए। समीक्षा बैठक में सहायक अभियंता टीआर ध्रुव द्वारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थापित होने वाले कुल सोलर सिंचाई पंप की जानकारी एवं जिला गरियाबंद को आंबटित लक्ष्य, वर्गवार अजजा, अजा, अपिव एवं सामान्य के लिए 3 एचपी एवं 05 एचपी क्षमता अनुसार शासकीय अनुदान की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया गया। बैठक में आंबटित लक्ष्य 150 के विरूद्ध 139 हितग्राहियों के सोलर पंप स्वीकृत होने तथा जिसमें से 18 हितग्राहियों के यहां सोलर पंप स्थापना कार्य ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति गंभीर



**मैनपुर।** तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से सोमवार को एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देवभोग मुख्य मार्ग पर उस समय हुआ जब चिचिया गांव निवासी पति–पत्नी बाइक से जा रहे थे। बोलेरो ने पहले सामने से उनकी बाइक को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़ी एक दूसरी बाइक को भी कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार काफी अधिक थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया था। टक्कर के बाद महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उसके पति को हल्की चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को देवभोग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में उसे पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व गंभीर चोट पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर गति नियंत्रण के अभाव में हादसों की आशंका बनी रहती है।

## सीनापाली में आयोजित शिविर में हितग्राहियों को मिली ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- श्रवण यंत्र एवं किसान किताब भी दी गई

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम सरगीगुड़ा के दिव्यांग भजनलाल मांझी को ट्रायसायकल एवं कैटपदर के अरूण सिंह ठाकुर श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्री मांझी ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान अपनी स्थिति के बारे में आवेदन के माध्यम से अवगत कराया था कि आने-जाने की सहूलियत के लिए ट्रायसिकल प्रदान किया जाये एवं श्री ठाकुर ने सुनने में परेशानी होने के संबंध में आवेदन किया था। उनके आवेदन का परीक्षण उपरांत समाज कल्याण विभाग द्वारा सही पाये जाने पर ट्रायसाइकिल एवं श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्री मांझी ने ट्राइसाइकिल मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब मुझे किसी के सहारा की जरूरत नहीं पड़ेगी। पहले वे कहीं आने जाने के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अब वे अकेले अपने दैनिक जीवन के कार्यों को ट्रायसाइकिल के माध्यम से कर सकेंगे एवं श्री ठाकुर ने श्रवण यंत्र मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव ▶▶|शेष पेज 13 पर



### अमलीपदर में समाधान शिविर आज

**मैनपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। तिहार के अगले चरण में 05 मई से समाधान शिविरों की शुरूआत हो चुकी है। इसी कड़ी में 06 मई को विकासखंड मैनपुर के अमलीपदर में शिविर का आयोजन किया जायेगा। 06 मई मंगलवार को अमलीपदर के छात्रावास परिसर में समाधान शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में ग्राम घुमरापदर, चिखली, खरीपधरा, दाबरीगुड़ा, बिरीघाट, मुड़गेलमाल, कुहीमाल, मुड़ागांव, अमलीपदर, कोदोभाठा, भैंसमुड़ी, सरनाबहाल, धनोरा, नवापारा, गुरजीभाठा (अ) एवं डेण्डूपदर के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के निराकरण स्थिति बताई जायेगी। शिविर में ग्रामीणजन अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत कर सकेंगे।



# प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में लगने लगे स्मार्ट मीटर, पावर कंपनी हुई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में दस फीसदी दफ्तरों में भी स्मार्ट मीटर नहीं लग सके।

खबर का असर

महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए थे, इस खबर के हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद इस मामले को पॉवर कंपनी ने गंभीरता से लिया है और अब सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया है। अब तक 12 हजार दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं। इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं जो स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास नहीं थे। लेकिन अब इन मीटरों को प्राथमिकता के साथ मंगाकर दफ्तरों में लगाए जा रहे हैं। सरकारी विभाग ही बिजली का बिल जमा करने में हमेशा से लापरवाह रहे हैं, इस समय भी सरकारी विभागों में ढाई हजार करोड़ का बकाया है। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग छत्तीसगढ़ के अलग बनने के बाद से ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 40 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों पर बकाया पूरी तरह से समाप्त हो गया हो।

## सरकारी विभागों पर है पॉवर कंपनी का ढाई हजार करोड़ बकाया

### अब पांच हजार और लगे

हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने पर ठेका कंपनियों पर सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बढ़ाया गया तो कंपनियों ने मीटर का स्टॉक मंगाकर अब मीटर लगाने का काम वापस प्रारंभ किया है। वापस काम प्रारंभ होने पर अब तक पांच हजार और दफ्तरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। कुल मिलाकर सवा लाख में से अब तक 12 हजार दफ्तरों में मीटर लग गए हैं। अब जल्द से जल्द सभी दफ्तरों में मीटर लगाने की तैयारी है।


सालभर में दस फीसदी सरकारी दफ्तरों में भी नहीं लगा पाए स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में दस फीसदी दफ्तरों में भी ये मीटर नहीं लगाए जा सके हैं। अब तक महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं के 11 लाख से ज्यादा मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं।

सरकारी दफ्तरों में अब तक मीटर न लग पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं, जो अब तक स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास आए नहीं हैं। मीटर उपलब्ध होने के बाद ही इन्हें लगाने का काम होगा। सरकारी विभाग ही हमेशा से बिजली बिल जमा करने में लापरवाही करते हैं। इस समय भी सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ का बिल बकाया है। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है, लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा-सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 35 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों का बकाया पूरी तरह से भुगतान हो गया हो।

■ सरकारी विभागों पर है पॉवर कंपनी का ढाई हजार करोड़ बकाया

सिर्फ सात हजार मीटर ही लगे

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगने हैं। साथ ही दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे, लेकिन अब तक महज 31 से ट्रांसफार्मरों में ही मीटर लग पाए हैं। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए हैं।

यह है वजह

सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग तरह के मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलोवॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर अब तक ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं हैं, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है इस माह या फिर अगले माह से सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से किया जाएगा।

### लगे थे महज सिर्फ सात हजार मीटर

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से पहले महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए थे। सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे थे कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग तरह के मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं थे, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे थे।

## खबर संक्षेप



### शहीदों के लिए विशेष प्रार्थना की, निकाला जुलूस

**रायपुर।** संत तेरेसा चर्च अमलीडीह द्वारा रविवार को पहलगाम में आंतकी हमले से हुए शहीदों को प्रार्थना में विशेष रूप से स्मरण किया गया। इसके बाद चर्च परिसर से महाराणप्रताप चौक, अमलीडीह तक मौन जुलूस निकाला गया। चौक पर शहीदों के तस्वीर पर फूलार्पण और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध विरोध प्रदर्शित किया गया। इस जुलूस में लगभग 300 लोग शामिल हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, कांग्रेस भवन में 11 को होगी आमसभा



**रायपुर।** गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में रविवार को संविधान बचाओ आंदोलन के लिए रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के सहमति और विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया कि जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से कांग्रेस भवन गांधी मैदान में 11 मई को सभा होगी। सभा के बाद गांधी मैदान से जिला कलेक्ट्रेट चौक स्थित संविधान निर्माता डा. भीम राव अंबेडकर की मूर्ति तक रैली के रूप में पहुंचकर डॉ अंबेडकरजी की पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, संवैधानिक मूल्यों को बचाने हम सभी को मिलकर लड़ने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, गिरीश दुबे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा, शकुन डहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, हरिशंकर निषाद आदि उपस्थित रहे।

### महेंद्र बने लायंस क्लब रायपुर सीनियर के अध्यक्ष



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर का आगामी सत्र 2025-26 के लिए नवीन पीएसटी एवं अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया, जिसमें अध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, उपाध्यक्ष गजानंद अग्रवाल और प्रेमनारायण गुप्ता को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव दीपक प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी, पीआरओ महेश अग्रवाल, टेलटैमर राज शर्मा, टेलट्विस्टर प्यारे लाल अग्रवाल को चुना गया है। साथ ही कार्यकारिणी में संचालक सदस्यों के रूप में लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, अशोक अग्रवाल, एमजेएफ संतोष गुप्ता, सुनील गुप्ता, अशोक अग्रवाल एवं दिलीप भल्ला शामिल किए गए।

## बूढ़ापारा के जयप्रकाश तंबोली ने विद्युत विभाग से शिकायत की, जवाब मिला हमारा नहीं

# बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन में 5 दिन से लाइट बंद डेक के लिए बनाई रस्सी टूटी, तालाब में घूम रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के ऐतिहासिक सरोवर बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण पर 30 करोड़ फूंकने के बाद भी इसकी सुंदरता निखर नहीं पायी। तालाब के बीच स्थित नीलाभ गार्डन में 5 दिनों से लाइट बंद पड़ी है। गार्डन में पानी भरा हुआ है, जिससे गार्डन आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


■ निदान 1100 में शिकायत की, जवाब मिला पर्यटन विभाग देखेगा


बूढ़ापारा निवासी जयप्रकाश तंबोली ने नीलाभ उद्यान के मुख्य द्वार से लेकर गार्डन तक लाइट बंद होने की शिकायत पहले बूढ़ापारा बिजली आफिस में की, वहां जवाब मिला यह हमारे यहां नहीं आता। लाखे नगर बिजली आफिस में शिकायत करने गये, वहां जवाब मिला हमारा क्षेत्र नहीं है। थक-हार कर श्री तंबोली नगर निगम मुख्यालय में ऑनशिकायत प्रणाली निदान 1100 में बूढ़ा गार्डन में बिजली बंद की शिकायत दर्ज कराई। वहां उन्हें जो जवाब मिला वह चौंकाने वाला रहा। उनसे फोन पर कहा गया, पर्यटन विभाग वाले देखेंगे। यानी नगर निगम, बिजली विभाग को आम जनता की परेशानी से कोई वास्ता नहीं रहा।

हरिभूमि सरोकार

बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन वाले हिस्से की लाइट 5 दिनों से बंद पड़ी है। स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा से लगे हिस्से में लाइट गुल और निगम प्रशासन बेखबर है। गार्डन में सुबह-शाम लोगों का आना जाना रहता है, लाइट गुल होने से गार्डन में जाना खतरे से खाली नहीं है। अंधेरे में डूबे नीलाभ गार्डन में पानी भरा हुआ है। इसकी शिकायत न बिजली विभाग दर्ज कर रहा है न कि निदान 1100 में सुनवाई हो रही है। यही नहीं, बूढ़ातालाब से दानी स्कूल वाले रास्ते के बीच रायपुर स्मार्ट सिटी की अनुबंधित एजेंसी द्वारा नौकाविहार के लिए बनवाया गये फ्लोटिंग डेक की रस्सी टूटकर पानी में डूब गई है। यह हिस्सा पानी में लहराने लगा है। इस ओर न निगम प्रशासन का ध्यान है, न ही छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी का। कुल मिलाकर 30 करोड़ बूढ़ातालाब में खर्च करने के बाद भी परिक्रमा पथ और नीलाभ गार्डन की हालत बदतर हो गयी है।

### ऐतिहासिक तालाब और गार्डन की दुर्दशा, निगम प्रशासन मौन






**कल दिखवाता हूं**

*बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन की लाइट बंद है, इसे कल ही दिखवाता हूं। आम जनता को किसी तरह की असुविधा न हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा। पर्यटन मंडल के अधिकारी बूढ़ातालाब और नीलाभ गार्डन की लाइट व्यवस्था देखते हैं, उन्हें निगम मुख्यालय में बुलवाकर बिजली व्यवस्था सुधरवाने निर्देशित किया जायेगा।*

*- मुरली शर्मा, अध्यक्ष, जोन 4, नगर निगम रायपुर*

### अंधेरे में डूबी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा



युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की ध्यानमग्न आदमकद प्रतिमा इन दिनों पूरी तरह अंधेरे में डूबी हुई नजर आ रही है। स्वामी विवेकानंद सरोवर की उपेक्षा का यह जीता-जागता प्रमाण है। न इस ओर महापौर और उनकी परिषद ध्यान दे रही है और न ही निगम आयुक्त की नजर है। शहर के मध्य स्थित प्राचीन सरोवर और नीलाभ उद्यान में महीनेभर पहले भी यही स्थिति निर्मि हुई थी। हरिभूमि ने इस ओर महापौर मीनल चौबे का ध्यान आकर्षित कराया, तब जाकर गार्डन के एंट्री पाइंट की लाइट शुरू हुई।

# एआई डाटा सेंटर छत्तीसगढ़ में होना गर्व का विषय : चैंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

छत्तीगसढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि देश का पहला एआई डाटा सेंटर हमारे छत्तीगसढ़ में होना गर्व का विषय है। यह कदम छत्तीगसढ़ में टेक्नोलॉजी की दिशा में नया आयाम स्थापित करेगा। पंजीयन विभाग की 10 नई सुविधाओं की शुरुआत होने से न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को सहूलियत होगी।

नवा रायपुर के अटल नगर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस मौके पर पंजीयन विभाग की 10 नई सुविधाओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी सहित चैंबर के पदाधिकारी शामिल हुए। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन विभाग की दस नवीन सुविधाओं का शुभारंभ किया है, जिसमें आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन के साथ ही घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट और स्वतः नामांतरण जैसी सेवाएं शामिल हैं। सतीश थौरानी ने कहा रैक बैंक एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास हुआ है, जो छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। रैक बैंक एआई डाटा सेंटर के शिलान्यास से मुख्यमंत्री ने राज्य में आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेटा सेवाओं से जुड़े एक नए इको-सिस्टम

### मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

चैंबर अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा, देश का पहला एआई डाटा सेंटर हमारे छत्तीसगढ़ में होगा यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए चैंबर परिवार की ओर से वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, राधाकृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, शंकर बजाज , राजू भाई तारवानी, प्रशांत गुप्ता, अशोक मालानी, गोविंद बाधवानी, स्वाधीन जैन, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, जनक वाधवानी, पंकज चिजवानी, दिलीप इसरानी, कन्हैया गुप्ता , निलेश मूंदड़ा, श्रीनिवास रेड्डी उपस्थित रहे।

# एक बोर में मिला कॉलरा का बैक्टीरिया, दूषित जल के प्रयोग से डायरिया पीड़ितों की संख्या सौ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



माना से लेकर ग्राम टेमरी के एक बोरवेल में कॉलरा के बैक्टीरिया मिले हैं। गांववालों के साथ विवाह समारोह में पहुंचे लोगों ने भी इस दूषित जल का उपयोग कर लिया, जिससे डायरिया के मामले बढ़ गए। अब तक पीड़ितों की संख्या सौ तक पहुंच चुकी है और आधा दर्जन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। डायरिया के बीच एक मरीज की हैजा की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद विभागीय अमले में हड़कंप मचा हुआ था, जो दूसरा केस सामने नहीं आने पर शांत हुआ है।

■ टैंकरों की मदद से पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य अमला अभी भी डटा हुआ

टेमरी के स्टेशन पारा में रहने वाले ग्रामीणों पर मौजूद 4 बोरवेल से पानी लेने पर पूर्णतः पाबंदी लगा दी गई है। उन्हें नगर पंचायत की मदद से टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में अभी भी पीड़ित मिल रहे, जिनका आवश्यकता के अनुसार इलाज किया जा रहा है और स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सिविल अस्पताल माना लाकर भर्ती किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक संदेह के आधार पर वहां उपयोग किए जाने वाले बोरवेल के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था, जिसमें एक में बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। संदेह के आधार पर सभी बोरवेल की सफाई कराई गई है और रिपोर्ट निगेटिव आने तक उसके उपयोग की मनाही की गई है। गांव की एक महिला को हैजा होने की पुष्टि होने के बाद आधा दर्जन लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजा गया था, जो रिपोर्ट निगेटिव मिली है। डायरिया प्रभावितों की संख्या सौ तक पहुंची चुकी है, जिसमें से आधा दर्जन अस्पताल में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार गांव में जब डायरिया की शिकायत हुई, उसी दौरान वहां हुई एक शादी में आए मेहमानों ने भी इस दूषित जल का उपयोग किया था, इसलिए उल्टी-दस्त के पीड़ितों की संख्या बढ़ गई थी।

### अफसर लगातार कर रहे निगरानी

टेमरी के हालात को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। माना सिविल अस्पताल के प्रभारी डा. आशीष मेश्राम ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लोगों की स्थिति के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। शिकायत लेकर आने वालों की संख्या अब कम हो चुकी है। जिला मुख्यालय की टीम लगातार जांच के लिए वहां पहुंच रही है।

# बदमाश पुलिस को दे रहे चुनौती, सप्ताहभर में चार हत्या और दो लूट से सनसनी

■ दर्ज हत्या, लूट के दो मामलों को ही पुलिस अब तक सुलझा पाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदमाशों के खिलाफ सख्ती बरतने के दावों के बीच अपराधी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। राजधानी के तीन थाना क्षेत्र खमतराई, तिल्दा नेवरा के साथ डीडीनगर में बदाशों ने एक सप्ताह के भीतर चार हत्या के साथ टाटीबंध तथा समता कालोनी में दो बड़ी लूट की है। आधा दर्जन मामलों में से पुलिस केवल दो हत्या की गुत्थी सुलझा पाई है, बाकी अन्य घटनाओं को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। हत्या की तीन घटनाओं का कारण शराब रही है।

खमतराई थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर विकास विश्वकर्मा ने सागर नामक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने हत्या की गुत्थी 24 घंटे के भीतर सुलझाने में कामयाबी हासिल की। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज में संदिग्ध हालत में घूमते पाए जाने पर पुलिस ने विकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो हत्या की गुत्थी को पुलिस सुलझा पाई।

**लाश के पास मिले चखना पैकेट, खून लगा पत्थर**

*तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में ही चार दिन पूर्व बेमता गड़रिया नाला के पास लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट (45) की लाश मिली है। लाश के सिर के पास खून से लगा पत्थर मिला है। लक्ष्मण की हत्या सिर पर पत्थर मारकर की गई है। घटना स्थल के पास पुलिस को दो चखना के पैकेट भी मिले। आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने के विवाद के दौरान बदमाशों ने लक्ष्मण के सिर पर पत्थर मारकर हत्या की होगी। लक्ष्मण के हत्यारों का पुलिस अब तक सुराग नहीं ढूंढ पाई है।*



*शराब पीने से मना करने पर चौकीदार की हत्या : तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व धान फड़ में बैठकर शराब पीने से मना करने पर दो नाबालिग सहित चार बदमाशों ने एक निर्माणाधीन गोदाम के चौकीदार गोविंदा की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद बदमाश ने साक्ष्य छिपाने चौकीदार के चेहरे पर सीमेंट पोल मारकर चेहरा विकृत करने की कोशिश की थी। पुलिस ने घटना में शामिल चारों बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज की मदद से गिरफ्तार कर लिया है।*

### दो लूट की घटना, आरोपी पकड़ से बाहर

राजधानी में पिछले दिनों दो लूट की घटना हुई है। दोनों लूट की घटना को सुलझाने में पुलिस को अब तक कामयाबी नहीं मिली है। एक्टिवा सवार बदमाशों ने शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक समता कालोनी में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कलेक्शन एजेंट के साथ चार लाख 40 हजार की लूट की। इसी तरह से आमानाका थाना क्षेत्र में एक 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला को लिफ्ट देने के बहाने अज्ञात बदमाश ने अटारी ले जाकर उसका गला दबाकर बेहोश करने के बाद कान की बाली खींचकर निकाल ली, साथ ही हाथों में पहने सोने के कंगन निकालकर फरार हो गया। दोनों लूट की घटना में पुलिस को बदमाशों का अब तक किसी भी प्रकार से कोई सुराग नहीं मिला है।

### बल्ली से सिर पर वार उपचार के दौरान मौत

डीडी नगर थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व बुधवार को दोपहिया तथा ई-रिक्शा के टकराने के विवाद पर एक पड़ोसी ने अपने ही पड़ोसी के सिर पर बल्ली से वार कर गंभीर रूप घायल कर दिया था, जिसकी रविवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक जी. समैया राव जो सहकारी बैंक में नौकरी करता है, वह घटना दिनांक को दोपहर पौने दो बजे स्कूटी से अपने घर जा रहा था। इस दौरान जी. समैया की स्कूटी उसके पड़ोसी पिंटू राव के ई-रिक्शा से टकरा गई। इस बात से नाराज होकर पिंटू ने अपने ई-रिक्शा में रखी बल्ली से जी. समैया के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश है। पूर्व में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की कई शिकायतें दर्ज कराई हैं।

# सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में पानी की किल्लत, रहवासियों ने किया प्रदर्शन

■ समस्या का समाधान नहीं होने पर निगम मुख्यालय घेराव की दी चेतावनी

■ निगम प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के लोग जल संकट से परेशान हैं। नगर निगम को टैक्स जमा करने के बाद भी इस इलाके में पेयजल की समस्या बनी हुई है। रविवार को रहवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन किया। इनका ये भी कहना है निगम के अधिकारियों से लेकर वार्ड पार्षद तक से जल संकट दूर करने गुहार लगाई, पर किसी ने उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल संकट की समस्या जल्द दूर नहीं की, तो सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के रहवासी निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे।

सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के 250 परिवार भीषण गर्मी में पानी के संकट से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद भी इसकी अनदेखी से नाराज रहवासियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कालोनी के रहवासी डॉ. जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछले 4 साल से सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में जल संकट से लोग परेशान हैं। नगर निगम ने पेयजल आपूर्ति के लिए 2 इंच की पाइप लाइन बिछाई है, पर इसमें पानी नहीं आ रहा है। यही नहीं, कालोनी का बोरवेल सूख गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी को हमने पेयजल संकट से अवगत करा दिया है, इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं की गई। प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने पानी की समस्या के प्रति निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने रविवार को एक दिवसीय धरना दिया।

# एम्स के डॉक्टर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



एम्स में पढ़ाई कर रहे एक डॉक्टर ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अपने फ्लैट में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण अज्ञात है। आमानाका थाने की पुलिस को डॉक्टर की खुदकुशी की जानकारी शनिवार दोपहर को मिली। डॉक्टर हैदराबाद का रहने वाला था। परिजनों को पुलिस ने डॉक्टर की खुदकुशी की जानकारी दे दी है। सोमवार को परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिजनों के बयान के बाद ही डॉक्टर की खुदकुशी के कारणों का पता चल पाएगा। खुदकुशी करने वाले डॉक्टर का नाम ए. रवि (26) है। वह हर्षित टॉवर में किराए के मकान में अपने एक अन्य पार्टनर के साथ रहता था। घटना के समय मृतक डॉक्टर का पार्टनर फ्लैट में नहीं था। शुक्रवार से अपने कमरे में जाने के बाद ए. रवि के कमरे का दरवाजा बंद था। दूसरे दिन दोपहर साढ़े 12 बजे तक ए. रवि ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो मृतक डॉक्टर के रूम पार्टनर ने अपने साथियों के साथ एम्स प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। एम्स प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

## खबर संक्षेप




### थनेश्वर ध्रुव 5वी में प्रथम

**छुईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक पाठशाला कुण्डेल कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम में थनेश्वर ध्रुव 91% अंक प्राप्त कर पूरे कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। थनेश्वर शुरू से मेधावी छात्र है। एकलव्य विद्यालय में भी चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए छात्र को माता पिता के अलावा संस्था के प्रधान पाठक सरिता गायकवाड़, शिक्षक नरेन्द्र कंवर, सन्तोष वर्मा, आशा राम रजक, जमुना ध्रुव, दीपा साहू, सरपंच गज्जू सिन्हा, शिक्षा विद रमेश सिन्हा, पुष्पा कंवर, कामता सिन्हा ने शिक्षण व्यवस्था को सुचारू व्यवस्थित चलाने में विशेष योगदान है। उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना की है। शिक्षक आशाकांत रजक ने कहा की विद्यालय का रिजल्ट100%है। जिसमें हुमेश्वरी ढीढी 90% के साथ दिव्तीय स्थान पर है जिनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका के लिए हुआ है। शिवम ढीढी 89%के साथ तृतीय स्थान पर है।

### छाया साहू कक्षा 5वीं में प्रथम

**छुईहा बेलर।** सरस्वती शिशु मंदिर कौन्दकेरा कक्षा पांचवी की छात्र



छाया साहू 91% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वह दूजलाल साहू कौंदकेथरा की सुपुत्री है। जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू , सहकारी समिति अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने बधाई दी है।

### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 9 को

**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज की एक आवश्यक बैठक नयापारा स्थित सामाजिक भवन में 4 मई को हुई। जिसमें स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 09 मई को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त दिवस पर संध्या 05 बजे सामाजिक भवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर महाराणा प्रताप के जीवन पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। साथ ही समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी समाज के संरक्षक भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने दी है।

### खरोरा में मनाई गई सीता नवमीं

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सीता नवमी पर्व पर माता सीता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, मौजूद रहे। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी मनाई जाती है। इस दिन को सीता जयंती और जानकी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। माता सीता मिथिला नरेश राजा जनक की पुत्री थीं, इसलिए उन्हें जानकी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख शुक्ल की नवमी तिथि के दिन माता सीता धरती पर प्रकट हुई थीं।

### एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र की दिशा में एक निर्णायक कदम : तुषार

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने एक देश एक चुनाव को लोकतंत्र की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। उन्होनें कहा कि हर चुनाव के दौरान लाखों सरकारी कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया जाता है। जिससे उनके नियमित काम प्रभावित होते हैं। एक साथ चुनाव होने से यह समस्या एक बार में ही हल हो जाएगी और प्रशासनिक मशीनरी सुचारू रूप से काम कर सकेगी। बार-बार आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्य रुकते हैं। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से सरकार के पास निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पांच साल का स्पष्ट समय होगा।
तुषार ने बताया कि एक देश एक चुनाव की धारणा नई नहीं है।

# आंधी व ओला वृष्टि से धान, मक्का के साथ वनोपज को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पिछले दस दिनों से क्षेत्र में मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है सुबह से दोपहर 3–4 बजे तक तेज धुप के बाद शाम होते ही तेज हवा आंधी तुफान के साथ बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं खेतों में धान मक्का एवं दलहन तिलहन की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं वनोपज आम, इमली, तेंदुपत्ता, चार सरई को भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नही है बावजूद इसके मैनपुर क्षेत्र के किसान अपने खेतो में ट्यूबवेल के माध्यम से रवि की फसल धान, मक्का, दलहन, तिलहन ले रहे है और अब जब धान पक रही है तथा पक कर तैयार हो गई है आखरी समय में मौसम की मार ने झकझोर कर रख दिया है। पिछले एक पखवाड़े से हर शाम अचानक मौसम बदलने के साथ तेज आंधी- तूफान, बारिश व ओलावृष्टी से धान की बालियां झड़ रही है। कई गांव में धान की फसल कई एकड़ चटाई की तरह जमीन में बिछ गई है यह धान की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। बेमौसम बारिश की मार ने किसानो को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है क्षेत्र के किसान सौरभ पटेल, याति पटेल, नियाजी भाई, आलीम अंसारी, लुजेश कुमार, पवन दिवान, किसानों का कहना है धान की बालियां झड़ने से फसल पैदावार कम होगा और क्वालिटी खराब होने के साथ ही मिंजाई के दौरान दाने टूट आयेगें क्वालिटी का असर पड़ने के कारण फसल को औने पौने दाम में बेचने को मजबूर होना पड़ेगा।

## धान की कई एकड़ फसल चटाई की तरह जमीन में बिछ गई

### किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि की टीम ने मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट, छुईया, गोपालपुर, लारीपारा, देहारगुड़ा क्षेत्र के गांव में पहुंचकर जायजा लिया तो धान की जो फसल पक चूकी है या बाली निकल चूकी है आंधी तुफान के कारण धान की फसल जमीन में सो गई है जिससे किसान बेहद परेशान है क्योंकि किसान धान की फसल में हजारो रूपये दवा, खाद में खर्च कर चूके है। मैनपुर क्षेत्र में कई किसानो के द्वारा मक्के की फसल लिया जा रहा है मक्का की फसल की खेती जमीन में आंधी तुफान के चलते टूट कर सो रही है किसान मायूस नजर आ रहे है वहीं दूसरी ओर खेतों व बाड़ी में लगाए गए गोभी, भाटा, बरबटी, लौकी, भीण्डी व कुम्हड़ा फसल को भारी नुकसान हो रहा है।



### सब्जियों में कीट प्रकोप का खतरा

सब्जियों में किट प्रकोप के संभावना के साथ गलन का खतरा भी बढ़ रहा है। ओलावृष्टी से सबसे ज्यादा सब्जी की फसल को नुकसान पहुंच रही है। मैनपुर वनांचल क्षेत्र में लोगों का जीविका उपार्जन वनोपज के भरोसे होता है अधिकांश परिवार वनोपज संग्रहण करते है लेकिन लगातार आंधी-तूफान, ओलावृष्टी से हरासोना तेंदुपत्ता, चार, चिरोंजी, सरई कोसुम, इमली,आम को भारी नुकसान पहुंच रहा है। समय से पहले सरई झड़ रही है तो तेंदुपत्ता बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## सुविधा : जिला अधिकारी ने कहा- स्कूलों में डायरेक्ट भेजी जा रही सामग्री

# परीक्षा खत्म होने के बाद स्कूलों में पहुंचाई जा रही प्रयोगशाला कीट और खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

समग्र शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा समाप्त होने के बाद हायर सेकेण्डरी, हाई स्कूल एवं मिडिल तथा प्राथमिक शाला मे खेल सामग्री और साईस कीट प्रयोगशाला सामग्री का वितरण किया जा रहा है जो समझ से परे है क्योंकि इसके बारे मे स्थानीय अधिकारियों के साथ साथ जिला के अधिकारियों को भी नही मालूम की क्या क्या सामान भेजा जा रहा है बहारहाल इन दिनो मैनपुर बीआरसीसी कार्यालय से प्रतिदिन पिकअप वाहन के माध्यम से क्षेत्र के प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल तथा हायर सेकण्डरी स्कूलों में खेल सामग्री और प्रयोगशाला कीट पहुंचायी जा रही है। मैनपुर बीआरसीसी कार्यालय में ट्रक के माध्यम से सामग्रीयों को लाकर डंप किया गया है और यहां से वितरण किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 256 प्राथमिक शाला, 11 मिडिल स्कूल एवं 30 से अधिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वितरण का कार्य किया जा रहा है महत्वपूर्ण बात यह है कि परीक्षा खत्म होने के बाद यह सामग्री का वितरण स्कूलों में किया जा रहा है साथ ही आधा- अधूरा सामग्री का आना विभाग द्वारा बताया जा रहा है और तो और खेल कूद सामग्री का स्तर बेहद निम्न क्वालिटि के साथ ही कैरम बोर्ड और अन्य सामग्री बहुत ही छोटे साईज का वितरण किया जा रहा है जबकि इसके संबंध में समग्र शिक्षा विभाग के डीएमसी श्री नायक से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया शासन स्तर से यह सामग्री का वितरण किया जा रहा है हम लोगों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है कि कितना सामग्री वितरण किया जा रहा है।




### प्रयोगशाला सामग्री निम्न स्तर का

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा की क्षेत्र के स्कूलों में वितरण किए जा रहे खेल सामग्री एवं प्रयोगशाला सामग्री बेहद निम्न स्तर का बताया जा रहा है साथ ही कितना कहां वितरण करना है इसकी जानकारी भी स्थानीय अधिकारियों को नहीं है।



### शासन स्तर पर हो रहा सामग्री का वितरण

समग्र शिक्षा विभाग के डीएमसी केएस नायक ने बताया की इस सामग्री का वितरण शासन स्तर से हो रहा है। इसकी जानकारी सूचना हमको पता नहीं है स्कूलों में कितना सामान पहुंचाया जा रहा है इसकी कोई सूची उपलब्ध नहीं है। स्कूलों में डायरेक्ट सामान पहुंचा दिया गया है जिला को इसके बारे में कोई पता नहीं है जिला कार्यालय में इसका कोई डाटा नहीं है।

### कई स्कूलों में प्रयोगशाला शिक्षक ही नहीं है

मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दर्जनो मिडिल और प्राथमिक शाला भवन की स्थिति बेहद जर्जर है कई जगह तो बगैर भवन के स्कूल संचालित किया जा रहा है और तो और ज्यादातर स्कूलो मे विज्ञान के शिक्षक ही नही है ऐसे मे इन प्रयोगशाला सामग्रियों का उपयोग बच्चे कैसे करेंगें उनको इसकी जानकारी कैसे दिया जायेगा इसपर पहले विचार होना चाहिए था मिली जानकारी के अनुसार स्कूलो मे प्रयोगशाला सामग्री के नाम पर कुछ छोटे छोटे कल पुर्जे के साथ दूरबीन माईक्रोस्कोप का वितरण किया गया है तो खेल सामग्री की स्थिति बेहद खराब है और बहुत कम है।

# नगर के मुक्तिधाम में चला श्रमदान अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव के आह्वान पर नगर के मुक्तिधाम को सुंदर और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से श्रमदान अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मुक्तिधाम परिसर की सफाई कर स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। अभियान की खास बात यह रही कि नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग तथा पार्षदों की विशेष उपस्थिति देखने को मिली। सभी ने एकजुट होकर श्रमदान किया और मुक्तिधाम को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया। अभियान के दौरान नगर के वरिष्ठजन, समाजसेवी एवं नगर पालिका के कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

नगर प्रमुख रिखीराम यादव ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में भी ऐसे अभियानों में भाग लें और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें।

# सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर खायी बासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राष्ट्र के नवनिर्माण में समर्पित श्रमिकों के सम्मान के लिए सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर बोरे बासी खाए। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने अपने निवास में बोरेबासी खाने का निमंत्रण सर्व समाज के प्रतिनिधियों को दिया। बोरे बासी खाने के लिए पार्षद बलराम यादव, आकाश सिंह राजपूत ,उत्तम निषाद, पूर्व पार्षद अरविंद यदु, रामकुमार साहू, राजू साहू, तरुण साहू, शिवराज देवांगन एक साथ बैठकर बोरे बासी खाए। छत्तीसगढ़िया संस्कृति के प्रतीक बोरे बासी सामूहिक रूप से खाने का उद्देश्य राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित श्रमिकों एवं सामाजिक समरसता को बढ़ाने आपस में एकता भाईचारा को बनाए रखने के लिए आयोजित किया गया था। राष्ट्र नवनिर्माण में श्रमिकों का अहम योगदान रहता है श्रमिक अपने अथक मेहनत से देश के हर छोटे बड़े निर्माण में अपना योगदान देता है। देश के विकास के लिए समर्पित ऐसे वीर श्रमिकों के सम्मान बढ़ाने के लिए सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर बोरे बासी खाए। साथ में सभापति आकाश सिंह राजपूत, पार्षद अजय पटेल, सुरेश पटेल सभी पार्षद मौजूद रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरा में प्रवेश के लिए लाटरी 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कलेक्टर गरियाबंद के आदेशानुसार जिला शिक्षाधिकारी गरियाबंद के निर्देशन में जिले के सभी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम छुरा में 9 मई दिन शुक्रवार को लाटरी का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा में बताया कि कक्षा 1ली एवम अन्य कक्षाओ के रिक्त सीट के लिए लाटरी का आयोजन किया जाएगा लाटरी पूर्णतः पारदर्शी होगी जिसमें जन प्रतिनिधि गण smdc के सदस्य अधिकारी गण एवं पालकों की उपस्थिति रहेगी। राज्य कार्यालय के आदेशानुसार फार्म लेने की प्रक्रिया 5 मई निर्धारित की गई है उसके बाद 5 से 10 मई तक लाटरी का आयोजन किया जाना है शेष प्रवेश प्रक्रिया 15 मई 2025 तक संपन्न करनी होगी। प्राचार्य ने बताया कि 7 मई तक प्राप्त सभी फार्मों का सत्यापन कार्य हो जाएगा उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी जिसकी तैयारी हो चुकी है कक्षा 1ली में कुल 50 रिक्त सीटों के लिए लाटरी का आयोजन किया जाएगा जिसमें 50 प्रतिशत सीट बालिका वर्ग के लिए आरक्षित होगी 25 प्रतिशत बी पी एल एवं आर्थिक रूप से कमजोर जिसमें पालकों द्वारा बच्चों के प्रवेश के लिए सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा 25प्रतिशत सीट सामान्य वर्ग के लिए होगी लाटरी का आयोजन 9मई दिन शुक्रवार को विद्यालय में किया जाएगा।




# पोंड़ स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं, आठवीं सत्र 2024-25 में संकुल केंद्र पोंड़ अंतर्गत तीन प्राथमिक शालाओं के कक्षा पांचवीं से 42 एवं दो उच्च प्राथमिक शालाओं के कक्षा आठवीं से 64 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संकुल केंद्र पोंड़ से कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान भानुप्रताप साहू, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से डिंपल साहू, रचना गिलहरे, तृतीय स्थान कुमकुम मन्नाडे ने बाजी मारी। संकुल केंद्र पोंड़ से कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान कुसमांजलि साहू,द्वितीय स्थान शिवांगी मन्नाडे, तृतीय स्थान मीना साहू ने बाजी मारी। शासकीय प्राथमिक शाला भुरका से प्रथम स्थान भानुप्रताप साहू 87.5%, द्वितीय स्थान आरोही यादव 85.5%, तृतीय स्थान मोनिका पटेल 85% ,शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पोंड़ से प्रथम स्थान संयुक्त रूप से डिंपल साहू, रचना गिलहरे 87%, द्वितीय स्थान ऋतम्भरा यादव 82%, तृतीय स्थान भूमिका देशलहरे 76%, शासकीय प्राथमिक शाला पोंड़ से प्रथम स्थान कुमकुम मन्नाडे 86.5%, द्वितीय स्थान देविका 86%, तृतीय स्थान दुलेश्वरी तारक 83% ने अर्जित किया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोंड़ से प्रथम स्थान कुसमांजलि साहू 91.33%, द्वितीय स्थान शिवांगी मन्नाडे 90.17%, तृतीय स्थान मीना साहू 88%, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भुरका से प्रथम स्थान हिना साहू 81.67%, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से अर्चना पटेल, हिमांशु यदु 81%, तृतीय स्थान झरना पटेल 80% ने अर्जित किया। केंद्रीकृत परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त एवं सभी उत्तीर्ण बच्चों को संकुल प्राचार्य दीपिका माहेश्वरी, संकुल समन्वयक नागेन्द्र कंसारी, प्रधानपाठक घनश्याम चेलक, चोवाराम साहू, रामनारायण साहू, बिसाहू राम साहू, अनंत देवांगन, राजकुमार एवं समस्त स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पेज 11 के शेष...

### प्राथमिक उपचार तक...

क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल को सिर्फ रेफर सेंटर न बनाकर एक पूर्ण चिकित्सा सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन की सुविधा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। वहीं लोगों में सरकारी अस्पताल के प्रति विश्वास कम है। कारण भी साफ है मरीजों के साथ सही व्यवहार नहीं होता। घुमाने की कोशिश होती है। एक तरह से बला टालने जैसा करते है। दिन में तो एक बार ठीक ही रहता है अगर रात में कही कोई घटना-दुर्घटना हो गई तो समझो प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर की ओर रिफर करना का खेल होता है। डिलीवरी जैसे मामलो में भी कोई संवेदनशीलता नहीं रखी जाती। लोग बहुत विश्वास करके सरकारी अस्पताल का दरवाजा खटखटाते है परंतु व्यवहार उतना ही खराब रहता है। तकलीफ तो उन लोगों को होती है जो देहात गांव से आए होते है।

### फांसी पर लटकी...

पिता का आरोप है कि रविवार को जेठ सतीश साहू और जेठानी पायल साहू किसी बात को लेकर लगभग 12 बजे झगड़ा किए। उसके बाद ये घटना हो गई। पिता का आरोप है कि प्रथम दृष्टया देखने से ही ये हत्या लगता है जमीन में झुका हुआ है पूरा पैर। डेड बॉडी को गले में रस्सी बांधकर लटकाया गया है। शिकायत पर फोरेंसिक जांच के लिए आनंद सिंह रायपुर से चिपरीडीह पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में लाश को नीचे उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक मृतका परेमा के जेठ भीखम साहू थाने में जाकर रिपोर्ट किया कि उनके अनुज वधु परेमा साहू घर के छज्जे में लटक कर आत्महत्या कर ली है जांच की जावे।

### सीनापाली में ....

साय के सुशासन तिहार का आभार जताया। इसी तरह समाधान शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 4 किसान को किसान पुस्तिका प्रदान किया गया। इनमें श्री लक्ष्मण, धर्मेन्द्र, प्रहलाद एवं जागेश्वर शामिल है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हमें आज किसान पुस्तिका प्रदान किया गया। यह हमारे लिये गौरव की बात है यह तिहार हम सब के लिए खुशहाली लाई है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने यादवों को निगम व मण्डलों में नहीं दिया मौका, समाज आक्रोशित

**छुरा।** प्रदेश में यादव समाज की जनसंख्या के बावजूद सरकार द्वारा मंत्रीमंडल और निगम-मंडलों में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना समाज के लिए चिंता में हैका विषय बन गया है। यह स्थिति न केवल समाज के राजनीतिक हक को कमजोर करती है बल्कि सरकार की



समावेशी नीति पर भी सवाल खड़े करती है। छ.ग. में यादव समाज वर्षों से सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है, कृषि, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने के साथ साथ इस समाज ने हर चुनाव में राजनीतिक दलों को समर्थन देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन जब सत्ता में भागीदारी की बात आती है तो यादव समाज को बार-बार नजर अंदाज किया जाता है जबकि यादव समाज छत्तीसगढ में पिछड़े वर्ग की जातियों में यादव समाज छत्तीसगढ़ में दूसरे नबंर में गणना के अनुसार आता है इस पर छत्तीसगढ (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव ने जानकारी दी है कि यादव समाज में निगम एवं मण्डल की सूची में न आने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि अब भाजपा की नजरों में यादव समाज से कोई ऐसा प्रतिनिधि योग्य नहीं है जिसे निगम-मंडल में लिया जा सके। भाजपा में यादव समाज से जीतकर आए हुए विधायक को मंत्री बनाने का सब्जबाग दिखा कर यादव समाज के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### युक्तिकरण का विरोध शुरू कक्षावार शिक्षकों की मांग

**राजिम।** छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने युक्तियुक्तकरण का तीव्र विरोध किया है साथ ही संघ ने नई शिक्षा नीति 2020 का स्मरण कराते हुए प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक दिए जाने की मांग की है। संघ की ओर से प्रांत अध्यक्ष संजय



तिवारी एवं प्रांत उपाध्यक्ष डोमार सिन्हा ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार एक ओर शिक्षा गुणवत्ता की बात करती है और विषय वार नियुक्ति लेती है वहीं दूसरी ओर प्राथमिक स्तर में कक्षा व विषय न देखकर एवं माध्यमिक स्तर में विषय वार के बजाय दर्ज के मान से शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया अपनाने का प्रयत्न करने का प्रयास कर रही है, डोमार सिन्हा ने बताया कि युक्तियुक्त करण की विसंगति का आलम यह है कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बालवाड़ी को भी प्राथमिक शाला से जोड़ा गया है पर इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया है इसी तरह विभाग स्कूल शिक्षा विभाग की से सेटअप की धज्जियां उधेड़ कर रख दी है उन्होंने वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण नीति सरकारी स्कूलों को मध्यान्ह भोजन वितरण केंद्र बनाने की घृणित प्रयास बताया है। संघ की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष एन के सिन्हा, सचिव नरेंद्र टंडन, प्रभात यादव, मुनेश्वर ध्रुव, दिनेश ध्रुव, जेआर वर्मा, मनोहर साहू, संघ के कई शिक्षक साथियों ने इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का विरोध करते हुए तुरन्त स्थगित करते हुए 55 प्रतिशत डीए, खुली स्थानांतरण नीति, सभी वर्ग के शिक्षकों का पदोन्नति जैसे सुविधाओं के लिए आदेश जारी करने की मांग की है।

### सानिया यादव 8वीं में अव्वल

**मुड़ागांव (कोरासी)।** आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी सानिया



यादव पिता स्व. ईश्वर यादव ग्राम रवेली जो अपने कक्षा में 92.5%अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की है। भुनेश्वर यादव, कल्याणसिंग राजपूत, लुकेश साहू, मुकेश साहू, टीकम यादव, धनीराम साहू, तरुण यादव, रेखराम ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता, नरेश यादव, समाजसेवी शीतल ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोरी पुनितराम ठाकुर ने बधाई दी।

## सुशासन तिहार : सौगातों से भरा रहा ग्राम सीनापाली में आयोजित जिले का पहला समाधान शिविर

# 2 हजार 406 आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

- जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ हुए शामिल

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में आयोजित जिले का पहला समाधान शिविर ग्राम सीनापाली सहित आसपास के 10 ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। सीनापाली कलस्टर में सुशासन तिहार के दौरान 2 हजार 406 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनका निर्धारित समय पर निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम–काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले में समाधान शिविर का आगाज आज देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली से किया गया। शासकीय हाई स्कूल सीनापाली में आज आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान राजस्व विभाग द्वारा बनाए गए चार हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को ट्रायसायकल एवं श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल के माध्यम से हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के आयोजन की अभिनव पहल की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सीनापाली में आयोजित जिले के पहले समाधान शिविर में बड़ी संख्या में आम जनता एवं ग्रामीणों को आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण होने के साथ–साथ उनके मांगों एवं समस्याओं का भी यथोचित निराकरण हो पाया।



### सुशासन तिहार की सराहना

इस अवसर पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर उइके ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। श्री उइके ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने सीनापाली में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आम जनता की उपस्थिति की सराहना भी की।

### आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा निराकरण

कलेक्टर ने कहा कि शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने–अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित विभाग के स्टॉलों में पहुंचकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर उइके ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पद्मालया निधि, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शिविर में जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम तुलसीराम मरकाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न गांवों के ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# रसेला में समाधान शिविर 14 को, लिए जाएंगे नए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश के साथ साथ जिले में भी सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में ग्राम रसेला में 14 मई को सुनिश्चित किया गया है। इस शिविर में ग्राम पंचायत रसेला, रूवाड, मुढीपानी, मेडकीडबरी, कुडेरादादर, दादरगाव नया, कनसिघी, पण्ड्रीपानी गोड, भरूवामुडा, कोठीगाव, पेंड्रा, सिवनी, सेम्हरा, केवटीझर, टोनहीडबरी सहित 15 ग्राम



पंचायतों के लोग इस शिविर में शामिल होंगे। 14 मई को प्राथमिक और माध्यमिक शाला प्रांगण में सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन होगा। कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी करना, इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। शिविर में नए आवेदन लिए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि तीसरे चरण के समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। समाधान शिविर आयोजन के लिए अधिकारी कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत सीईओ को शिविरों के सुचारू आयोजन के निर्देश दिये है।

# सुखरीडबरी पहुंचे विधायक, ग्रामीणों की सुनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति वनांचल ग्राम सुखरीडबरी जो कोपेकसा पंचायत अंतर्गत आता है। जहां लगभग चालीस विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति परिवार पिछले पचास वर्षों से निवासरत हैं। जहां आजादी के बाद आज़ तक कोई विधायक इस गांव तक नहीं पहुंचा था। मिडिया में यहां के कुछ मुलभूत समस्याओं का खबर प्रकाशन के बाद विधायक जनक ध्रुव यहां पहली बार एक विधायक के रूप में पहुंचे। जहां विधायक को अपने बीच देखते ही ग्रामीण उनसे मिलने दौड़ पड़े। वहीं विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने कहा कि आज तक कोई विधायक हमारे गांव तक नहीं पहुंचा था हम वोट हर साल देकर विधायक चुनते थे लेकिन अब तक किसी



विधायक ने उनसे मिलने उनकी समस्याओं को जानने नहीं पहुंचे लेकिन आप इस क्षेत्र के पहले विधायक हैं जो हमारी सुध लेने हमारे गांव तक मिलने पहुंचे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव तक पहुंचने आज तक पक्की सड़कें नहीं बन पाई है और बारिश के दिनों में राशन लाने या कोई बीमार पड़ गया तो एंबुलेंस भी यहां तक नहीं पहुंच पाता है जिससे काफी परेशानी होती है। साथ ही गांव में एक चबुतरा व रंगमंच भी नहीं है जिसके चलते कोई सार्वजनिक कार्यक्रम हमें खुले में करना पड़ता है। वहीं स्कुल भवन टूट चुका है और पिछले चार-पांच वर्षों से एक अतिरिक्त भवन में स्कुल लगता है जहां बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने की व्यवस्था नहीं है घर में मध्याह्न भोजन बनाकर स्कूल ले जाकर बच्चों को खिलाते हैं और पेयजल की भी कमी बनी हुई है। विधायक ने कहा कि पानी की व्यवस्था के लिए एक सप्ताह में आपके यहां नलकूप खनन हो जाएगा, वहीं सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए एक रंगमंच की भी घोषणा की। साथ ही स्कुल भवन और पक्के सड़क के लिए भी आश्वासन दिया। कोपेकसा पंचायत के सरपंच रामेश्वरम दीवान, पूर्व सरपंच यशवंत सोरी, ग्राम प्रमुख धन सिंग भुंजिया, कल्याण भुंजिया, धरम भुंजिया, श्याम लाल भुंजिया, तिजऊ भुंजिया, राम सिंग, ईश्वर नेताम, नकुल यादव सहित सभी ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# विधायक ने किसानों व आमजनों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू क्षेत्रीय प्रवास एवं दौरा कार्यक्रम में रहे। इस दौरान ग्राम अमेठी में कुछ देर रुककर किसानों एवं आमजनों से चर्चा की। अचानक ही विधायक को अपने बीच पाकर गदगद हुए। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने बेमौसम बारिश से हुए फसल की क्षति के संबंध में किसानों से चर्चा किए तथा अत्यधिक क्षति होने पर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि आश्वस्त किया। विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की बहुप्रतिक्षित मांग आमानाला जलाशय परियोजना के संबंध में भी किसानों को बताया कि उसका निर्माण भी जल्द ही शुरू होने वाला है जिससे इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान राजू साहू जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, देवकुमार दिवान पूर्व सरपंच, गोवर्धन पटेल, रेवा राम सेन, पन्ना बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# सशिमं छुरा में भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर में 12वीं कक्षा के भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधिवत भूमिपूजन किया।



इस भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर में 12वीं कक्षा का शुभारंभ होने जा रहा है, जिससे नगरवासियों को एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। शिशु मंदिर अपनी उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कारों के लिए जाना जाता है और अब 12वीं कक्षा की शुरुआत से छात्रों को और भी अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति गरिमा ध्रुव, विजय गुप्ता, संतोषी यादव, उखराज ध्रुवा, रिंकू सचदेव, प्रधानाचार्य संतोष वर्मा, समस्त आचार्य और दीदी जी उपस्थित थे। सभी ने नए भवन के निर्माण और 12वीं कक्षा के शुभारंभ के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह नया अध्याय छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। नगरवासियों को यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता होगी कि अब उनके बच्चे अपने गृह नगर में ही उच्चतम शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# सिंधौरी में पालक सम्मेलन, 5वीं में 23 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में सत्र के अंतिम पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। प्रधान पाठक नन्दकुमार सिन्हा ने क्लास पहली से पांचवी के परीक्षा परिणाम से अवगत कराते हुए विशेष कर पांचवी में 27 बच्चों ने परीक्षा दिया जिसमें 23 बच्चे प्रथम श्रेणी 4 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित हुवे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कुमारी तृप्ति पिता योगेश्वर वर्मा 91 प्रतिशत अंक के साथ प्राथम स्थान प्राप्त किया है वर्तमान में उक्त बालिका नवोदय विद्यालय में अध्यन के लिए प्रवेश ले चुकी है इसी तरह भारतीय वर्मा, द्रव्यांश वर्मा संयुक्त रूप से 85 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे नामदेव पटेल 84 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अन्य 10 बच्चों ने टाप 10 में स्थान प्राप्त किया है। सरपंच डिगेशवर साहू ने सभा को संबोधित करते हुए बच्चों को खूब आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए बच्चों की उपलब्धि के लिए शाला परिवार को बधाई दिया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोहन वर्मा भी बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी को धन्यवाद दिए। फोन के माध्यम से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एचके साहू ने स्कूल की खूब तारीफ करते हुवे बच्चों एवं शिक्षक ठाकुर मैडम को बधाई प्रेषित किया। उक्त अवसर पर उप सरपंच हेमलता साहू, पालक मोहन वर्मा, गायत्री वर्मा, पंच दिनेश साहू, वासुदेव साहू, शिक्षक -शिक्षिका गणेश राम कुम्हार, उर्वशी तारक, हेमलता ठाकुर सफाई कर्मचारी चद्रिरका साहू अन्य ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे।



## कुम्ही में हुआ गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन

# गौ माता का संवर्धन एक नैतिक एवं धार्मिक कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में गौ ग्राम जन जागरण यात्रा कार्य आयोजन गौ सेवा समिति राजिम के तत्वावधान में किया गया। गौशाला समिति के अध्यक्ष घनाराम साहू के अगवानी में प्रारंभ किया गया। चतुर्थ दिवस की गौ ग्राम जन जागरण यात्रा ग्राम धमनी, अरंड बकली होते हुए ग्राम कुम्ही पहुंचा। यात्रा प्रभारी लखनलाल सिन्हा सेवानिवृत्ति रेंजर एवं मनीराम साहू सेवानिवृत्ति राजस्व निरीक्षक रहे। गांव में गाय के महत्व एवं उनसे होने वाले फायदे की जानकारी दी गई। चतुर्थ दिवस के समापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय के मुख्य अतिथि में अध्यक्ष बैसाखूराम साहू पेंशनर संघ तहसील शाखा राजिम के अध्यक्षता एवं रोमन साहू जिला सचिव स्काउट गाइड के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ। श्री उपाध्याय ने कहा कि गाय की सेवा से लोग दूर हो रहे हैं, हमारी तीन माताएं हैं जिसमें जन्म देने वाली माता, गौ माता एवं धरती माता ये तीनों आज परेशान होते नजर आ रही है जो चिंतन का विषय है। जिससे हमारे स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वर्तमान में गौपालन ,गौ माता की सेवा करना बहुत ही आवश्यक है।



**गाय की सेवा से 33 कोटि देवी-देवताओं का मिलता है आशीर्वाद-** पेंशनर संघ के अध्यक्ष बैसाखू साहू ने कहा कि गाय माता के शरीर में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है एक गाय की सेवा से हमें 33 कोटि देवी- देवताओं का आशीर्वाद मिलता है गाय माता हमें दूध, मूत्र ,गोबर देती है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। रोमन साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार के मनसा अनुरूप अभियान के माध्यम से लोगों को गौ पालन के लिए प्रोत्साहित करना है। हमारे जीवन में गाय माता की विशेष भूमिका रही है आज हर घर में एक गाय जरूर पालन करना चाहिए गौ माता का स्थान बहुत ही अग्रणी है। ग्राम कुम्ही के सरपंच वीरेंद्र साहू ने कहा गौ माता की संरक्षण एवं संवर्धन के लिए यह अभियान चलाते रहना चाहिए। कार्यक्रम मे खिलावन साहू, बालचंद साहू गौर सिंह ध्रुव, बलदाऊ चंद्राकर पंचगन महिला समूह के सदस्य गन ग्रामीण जन उपस्थित रहे। संचालन मनीराम साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन लखन लाल सिन्हा ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411